
**लापरवाही** | लाखों का सफाई ठेका होने के बाद भी जगह-जगह गंदगी के नजारे, सर्कुलेटिंग क्षेत्र में कचरे का डंप

# पटरी से उतरी रेलवे स्टेशन की सफाई व्यवस्था







**नवभारत कटनी।** रेलवे स्टेशन की सफाई व्यवस्था पटरी से उतर गई है। आलम यह है कि स्टेशन, प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग क्षेत्र हर जगह गंदगी का नजारा है। सफाई व्यवस्था के प्रति बरती जा रही उदासीनता के कारण यह स्थिति बनी है। जबकि रेलवे स्टेशन में सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए हर महीने लाखों रूपए का ठेका दिया गया है, बावजूद इसके स्टेशन और सर्कुलेटिंग क्षेत्र में गंदगी का नजारा है।

रेलवे स्टेशन में 6 प्लेटफार्म में जिनके रेल ट्रेकों में अधिकांश समय गंदगी का नजारा रहता है। सफाई की सिर्फ औपचारिकता पूरी की जा रही है। स्टेशन के अंदर से लेकर बाहर तक गंदगी का आलम रहता है। बावजूद इसके सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्लेटफार्म में तो रेलवे स्टेशन के वेंडरों द्वारा ही गंदगी फैलाई जा रही है। प्लेटफार्म पर लगे नलों के पानी से खाद्य सामग्री रखने वाले बर्तन को धोया जा रहा है। जिसके कारण भी प्लेटफार्म में गंदगी फैल रही है।

रेलवे स्टेशन की सफाई के लिए मेसर्स श्री सांई फेसिलिटीज अंबाला नामक संस्था को ठेका दिया गया है। सफाई कार्य के लिए करीब डेढ़ करोड़ का ठेका तीन साल के लिए दिया गया है। ठेके की शर्तों के अनुसार प्रतिदिन 21 सफाई कर्मियों से रेलवे स्टेशन की साफ-सफाइ कराई जानी है। सफाई व्यवस्था पर नजर रखने के लिए एक सुपरवाईजर की ड्यूटी लगाई जाती है, बावूजद इसके रेलवे स्टेशन में गंदगी का नजारा है।

रेलवे स्टेशन के बाहर सर्कुलेटिंग क्षेत्र में भी प्रतिदिन सफाई करानी चाहिए है, लेकिन सर्कुलेटिंग क्षेत्र में सफाई की सिर्फ औपचारिकता ही पूरी की जा रही है। अधिकारियों की अनदेखी के कारण सर्कुलेटिंग क्षेत्र में अब गंदगी का नजारा है।

आवारा मवेशी सर्कुलेटिंग क्षेत्र में अपना डेरा जमाए रहते हैं। सर्कुलेटिंग क्षेत्र में देर रात होटल संचालक द्वारा कचरा भी फेंका जा रहा है, जिसके कारण सर्कुलेटिंग क्षेत्र में कचरे का डंप लग गया है। कचरे के कारण दुर्गंध आती है, जिसके कारण यहां से आने-जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी होती है। सफाई कार्य में अधिकारियों की मॉनीटरिंग के आभाव के कारण रेलवे स्टेशन और सर्कुलेटिंग क्षेत्र में गंदगी का नजारा बना हुआ है।

## बीज नहीं होने से मूंग-उड़द की खेती नहीं कर पा रहे किसान

- बड़वारा विकासखंड के आठ हजार किसान खेती से वंचित



**नवभारत कटनी।** जिले के बड़वारा विकासखंड में ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द की खेती इस वर्ष संकट में है। कृषि कार्यालय में बीज की अनुपलब्धता के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बड़वारा विकासखंड के कृषि कार्यालय पर कुल 16,528 किसान निर्भर हैं। इनमें से लगभग 8,000 किसान मूंग और उड़द की खेती करते हैं। पिछले वर्षों में कृषि कार्यालय से किसानों को पर्याप्त मात्रा में बीज मिलता था। इस बार किसी भी किसान को बीज का वितरण नहीं किया गया है। किसान पुरुषोत्तम विश्वकर्मा ने बताया कि कुछ किसानों ने बाजार से महंगे दामों पर बीज खरीदकर बुवाई की है। लेकिन अधिकतर किसान बीज न मिलने के कारण खेती नहीं कर पा रहे हैं। किसान वीरेंद्र सिंह के अनुसार, बीज वितरण न होने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। कई किसानों ने इस बार मूंग और उड़द की खेती का विचार ही छोड़ दिया है। ग्रामीण कृषि विस्तार केंद्र के अधिकारी आर के रावत ने बताया कि कार्यालय में बीज की अनुपलब्धता के कारण क्षेत्र के किसानों को लाभान्वित नहीं किया जा सका है। इस वर्ष किसानों को ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द की फसल को लेकर गहरी चिंता में हैं। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार किसानों ने इन फसलों में कम रुचि दिखाई है, जिसका मुख्य कारण बड़वारा कृषि कार्यालय में मूंग और उड़द के बीज की अनुपलब्धता है। किसानों का कहना है कि हर साल उन्हें कृषि कार्यालय से पर्याप्त मात्रा में बीज मिल जाता था, जिससे वे समय पर और बेहतर तरीके से खेती कर पाते थे। हालांकि, इस बार कृषि विभाग द्वारा किसी भी किसान को बीज का वितरण नहीं किया गया है।

कई किसानों ने तो इस बार मूंग और उड़द की खेती करने का इरादा ही छोड़ दिया है। किसानों को बीज का वितरण नहीं किया गया है, जिससे उनकी आजीविका पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। बीज का संकट खेती को लाभ का धंधा बनाने के दावों की पोल खोल रहा है।

## एक नजर में



### मॉकड्रिल के ब्लैक आउट में बीजेपी कार्यकार्यताओं का सहयोग

**नवभारत, उमरियापान।** मध्य प्रदेश में आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता को परखने के लिए एक बड़ी मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और कटनी शहरों में संपन्न हुआ। बड़वारा विधानसभा के उमरियापान मंडल में ब्लैकआउट के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को पूरा सहयोग दिया। यह कार्यक्रम भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा के निर्देशन में आयोजित किया गया। इसमें जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन और बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया के नेतृत्व में कई पदाधिकारियों ने इस अभ्यास में भाग लिया। इनमें भाजपा जिला मंत्री विजय दुबे, समाजसेवी राजेश ब्यौहार, मंडल महामंत्री अंकित झारिया और भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शुशांक चौरसिया प्रमुख थे। साथ ही कई अन्य कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। आशीष चौरसिया ने सभी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भविष्य में भी ऐसी आपातकालीन स्थितियों में सहयोग की प्रतिबद्धता जताई।

### चौपाल लगाकर बनाई गई बावड़ी के संरक्षण की कार्ययोजना



**नवभारत, उमरियापान।** मझगवां फाटक के ग्राम खरखरी में नवांकुर संस्था दृष्टि मानव विकास समिति देवडोंगरा के सेक्टर प्रभारी मनीष पांडेय के समन्वय से ग्राम वासियों के साथ चौपाल का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होने कहा कि ग्राम खरखरी में ऐतिहासिक बावड़ी है जिसके संरक्षण की अत्यंत आवश्यकता है ताकि अधिकतम वर्षा जल संचित हो सके और ग्राम का जलस्तर बढ़ सके।

### 10वीं-12वीं में अनुत्तीर्ण हुए छात्र जून में दे सकेंगे परीक्षा

**नवभारत, कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों व ऐसे विद्यार्थी जो उत्तीर्ण तो हो गए हैं लेकिन कुछ विषयों में कम नंबर आने से उनका डिवीजन नहीं बन पाया है, ऐसे सभी विद्यार्थियों के लिए 17 जून से माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दोबारा परीक्षा आयोजित की जायेगी। पिछले वर्ष ओपन बोर्ड द्वारा रुक जाना नहीं के माध्यम से जो परीक्षा आयोजित की गई थी उसमें बोर्ड चेंज था कुछ पैटर्न भी अलग था, परीक्षा फीस बहुत अधिक थी, मात्र अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए ही दोबारा परीक्षा आयोजित की जाती थी लेकिन इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 17 जून से संपूर्ण परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है इससे हजारों छात्रों को फायदा मिलेगा, जहां एक और फीस कम लगेगी। वहीं दूसरी ओर पुस्तकों पाठ्यक्रम आदि का कोई झंझट नहीं होगा। बोर्ड न बदलने से ग्राह्यता की समस्या भी नहीं आएगी।

## आरटीई के तहत प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**नवभारत।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन नि:शुल्क प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा समय सारणी जारी कर दी गई है। अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए पात्र इच्छुक आवेदक अपने ग्राम, वार्ड, पड़ोस, विस्तारिक पड़ोस के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश हेतु अपनी समग्र आईडी एवं आधार सत्यापन करके ऑनलाइन आवेदन 21 मई तक किया जा सकेगा। जन शिक्षा केन्द्र द्वारा सत्यापन बाद पात्र पाए गए आवेदकों को रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से अशासकीय स्कूल का आवंटन किया जाएगा। विद्यालयों में प्रवेश के लिए अभिभावकों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। साथ ही आवेदन की तरह ही सत्यापन कराने की जिम्मेदारी भी अभिभावक की होगी। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन और त्रुटि सुधार 21 मई तक किया जा सकेगा।

## माधवनगर क्षेत्र से लापता हुई तीन नाबालिग बच्चियों को खोजकर पुलिस ने परिजनों का सौंपा




- आपॅरेशन मुस्कान के तहत की गई कार्रवाई

**नवभारत कटनी।** माधवनगर पुलिस ने तीन नाबालिग लड़कियों को सकुशल बरामद कर उनके परिवारों से मिलाया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में तीनों 16 वर्षीय लड़कियों को अलग-अलग स्थानों से बरामद किया गया।

पहली लड़की को महेश्वर खरगौन से बरामद किया गया। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक यज्ञनारायण सिंह, प्रधान आरक्षक श्रीकांत सेन और आरक्षक पिंटू कुमार साव की अहम भूमिका रही। दूसरी लड़की चौकी निवार क्षेत्र की रहने वाली थी। वह 4 मई को बिना बताए घर से चली गई थी। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर उसे ढूंढ निकाला। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक रमाकांत दुबे और आरक्षक अरविंद कुशवाहा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। तीसरी लड़की को गौरझामर, सागर से 24 घंटे के अंदर बरामद किया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गौरझामर, सहायक उप निरीक्षक वैजयंती टेकाम, सहायक उप निरीक्षक संतोष सिंह, महिला आरक्षक वंदना पथरिया और साइबर सेल से आरक्षक प्रशांत शामिल थे। तीनों लड़कियों के परिजनों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना की और आभार व्यक्त किया। माधवनगर पुलिस लगातार आपॅरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा और अपहृत बच्चों को उनके परिवारों से मिलाने का कार्य कर रही है।

## संबल योजना से मिला गरीब परिवार को सहारा

**नवभारत।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की मौजूदगी में ग्राम पंचायत कारीतलाई में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम जिवार पडवई निवासी प्रदीप कोल के लिए खुशियों का सबब बना। जहां कलेक्टर श्री यादव ने स्वयं प्रदीप के पिता के निधन के बाद मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत परिवार को मदद स्वरूप 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। ग्राम जिवार पडवई निवासी युवा प्रदीप कोल एक गरीब परिवार से आते हैं। उनका परिवार मेहनत-मजदूरी करके उदर-पोषण करता है। परिवार के ऊपर विपत्ति तब आई जब 5 मार्च 2024 को घर के मुखिया शिवप्रसाद कोल की मृत्यु हो गई। शिवप्रसाद की मृत्यु ने पहले से ही आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को भावनात्मक रूप से भी तोड़ दिया। परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। घर की सारी जिम्मेदारी युवा प्रदीप के कंधों पर आ गई। शिवप्रसाद कोल का नाम मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना में पंजीकृत था। उनकी मृत्यु के बाद अनुग्रह की 2 लाख की राशि स्वीकृत हुई है।

## चार साल से फरार वारंटी गिरफ्तार



- शहडोल क्षेत्र में पिकअप चलाकर काट रहा था फरारी
- सूचना मिलने के बाद बरही पुलिस ने की कार्रवाई

**नवभारत बरही।** जिले की बरही पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक फरार आरोपी को शहडोल के पपोद से गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले 4 वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया और एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में टीम ने आरोपी की तलाश की। गिरफ्तार आरोपी कमलेश प्रसाद उर्फ कमल चौबे (30) है। वह ग्राम बिचपुरा सिहराहार, थाना बरही, कटनी का रहने वाला है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने 8 मई को उसे पपोद से पकड़ा। आरोपी वहां पिकअप चलाकर अपनी फरारी काट रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव, प्रधान आरक्षक अजय पाठक और आरक्षक विवेक श्रीवास्तव की अहम भूमिका रही। गौरतलब है कि पुलिस द्वारा फरार आरोपियों, वारंटियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ऐसे आरोपियों, वारंटियों की तलाश की जा रही है जो लंबे समय से फरार हैं।

## खुद को हंसिया मारने से मानसिक रोगी की मौत




**नवभारत कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के सुनारी गांव में एक मानसिक रोगी ने पहले एक ग्रामीण पर हंसिए से हमला किया और फिर खुद की गर्दन पर वार कर लिया। घायल मानसिक रोगी की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना में 57 वर्षीय दीपचंद जड़ारी ने बिना किसी विवाद के गांव के गजराज सिंह पर हंसिए से हमला कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार, दीपचंद के परिवार ने उनकी मानसिक स्थिति और आए दिन की मारपीट के कारण 3-4 साल पहले ही उन्हें छोड़ दिया था। गांव में लोग उनके घूमने से दहशत में रहते थे। हमले के बाद जब लोग बचाव के लिए दौड़े, तब दीपचंद ने खुद की गर्दन पर भी हंसिए से वार कर लिया। घायल दीपचंद को जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हमले में घायल गजराज सिंह को परिजन जिला अस्पताल से एक निजी अस्पताल ले गए। बड़वारा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार पटेल ने बताया कि घटना की जांच जारी है। दीपचंद पहले भी खुद को चोटिल कर चुके थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## वृद्धाश्रम दद्दाधाम में आयोजित किया गया विधिक साक्षरता शिविर

**कटनी।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में गुरूवार को श्री कृष्ण वृद्धाश्रम दद्दा धाम में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुमित शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन द्वारा वृद्धजनों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली गई तथा नालसा द्वारा संचालित (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 तथा नि:शुल्क विधिक सहायता योजना एवं नालसा टोल फ्री नम्बर 15100 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही फलों का वितरण किया गया। इस दौरान पैरालीगल वालेंटियर मनीषा पयासी सहित अन्य की उपपस्थिति रही।

## जेके सीमेंट में काम बंद, मजदूरों की हड़ताल शुरू

- एरिया भत्ते सहित कई मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन



**नवभारत बड़वारा।** जिले के बड़वारा में स्थित जेके सीमेंट प्लांट में मजदूरों ने हड़ताल शुरू कर दी है। मंगलवार दोपहर 2 बजे से सैकड़ों मजदूरों ने काम बंद कर दिया है। इससे प्लांट का कामकाज पूरी तरह से ठप हो गया है। श्रमिक नेता सीलचंद पटेल ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार ने मजदूरों के लिए कई लाभकारी निर्देश जारी किए हैं। लेकिन जेके वाइस सीमेंट प्रबंधन इन निर्देशों का पालन नहीं कर रहा है। मजदूरों ने जब एरिया भत्ते की मांग की तो प्लांट अधिकारियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। पटेल ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, हड़ताल जारी रहेगी। मजदूरों का आरोप है कि प्रबंधन उनका शोषण कर रहा है। उन्हें उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। सूचना मिलते ही बड़वारा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मजदूरों से शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने की अपील की। स्थिति को नियंत्रण में रखने का प्रयास किया जा रहा है। जेके सीमेंट प्लांट पहले भी मजदूरों के शोषण के आरोपों को लेकर चर्चा में रहा है। इस हड़ताल से प्लांट प्रबंधन और मजदूरों के बीच तनाव बढ़ गया है। अब देखना है कि प्रबंधन मजदूरों की मांगों पर क्या कदम उठाता है। हड़ताल से सिर्फ सीमेंट कंपनी के प्लांट के उत्पादन पर असर पड़ेगा। मजदूरों और उनके परिवारों के लिए भी आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। प्रबंधन और मजदूरों को जल्द ही समस्या का समाधान करना होगा।

**लापरवाही** | कलेक्टर ने की कार्रवाई, सात दिन के अंदर मांगा गया जवाब

# जलगंगा संवर्धन अभियान में लापरवाही, सात विभागों के अधिकारियों को नोटिस



**नवभारत कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जल गंगा संवर्धन में रुचि न लेने और विभागीय गतिविधियों का क्रियान्वयन न करने वाले सात विभागों के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अधिकारियों को 7 दिन के भीतर नोटिस का जवाब देना होगा। नोटिस प्राप्त करने वाले अधिकारियों में कार्यपालन यंत्री नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण शामिल हैं। साथ ही कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विकास को भी नोटिस मिला है। महाप्रबंधक औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग भी इसमें शामिल हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के अधिकारी को भी नोटिस जारी किया गया है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग को भी कारण बताओ नोटिस मिला है। सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग और जिला शिक्षा अधिकारी भी नोटिस प्राप्त करने वालों में शामिल हैं। यह कार्रवाई जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों में संतोषजनक प्रगति न होने के कारण की गई है। जारी कारण बताओ नोटिस के अनुसार नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण को बांध स्थलों तथा अन्य विभागीय महत्व की संरचनाओं पर जल से संबंधित स्लोगन का अंकन कार्य, बांध, कंट्रोल स्ट्रक्चर एवं मुख्य नहर के हेड स्लूज के आस-पास झाड़ी, पेड़ पौधों की छटाई एवं साफ-सफाई कर स्थल का सौंदर्यीकरण, विभाग अंतर्गत नहरों की वृहद साफ-सफाई और अनुरक्षण के कार्य, कॉलोनी में रिक्त स्थानों पर सघन पौधारोपण की तैयारी, जल की उपयोगिता और महत्व की जानकारी आम जनों तक पहुंचाने हेतु जल उपरोक्ता संथाओं के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर अभियान तथा जल संवर्धन हेतु। बांध स्थल पर कृषकों की कार्यशाला का आयोजन का दायित्व सौंपा गया था। जो नहीं कराया गया।इसी प्रकार जल संसाधन विभाग को विभाग के अंतर्गत सभी प्रकार की नहरों को विलेज मेप पर राजस्व विभाग की सहायता से मार्क कर शासकीय नहर अंकित किया जाना, बांध तथा नहरों पर अतिक्रमण की स्थिति में अतिक्रमण मुक्त किया जाना, सभी 40 हजार किलोमीटर की नहर प्रणाली में घास, झाड़ी, छोटे पेड़-पौधे आदि की सफाई का कार्य किया जाना, नहर के अंतिम छोर पर जहां नहर समाप्त होकर किसी नाले में मिलती है उस स्थान पर किलोमीटर स्टोन लगाया जाना, मध्यम एवं लघु परियोजनाओं में रखरखाव एवं मरम्मत के अनुमत्य अपूर्ण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करना, लघु जलाशय में रिसाव रोकने के लिए पडल और आवश्यक हर्टिंग कार्य, तालाब के पाल की मिट्टी के कटाव, क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में दोबारा निर्मित किए जाने का कार्य, तालाबों की पिचिंग, बोल्डर टो, घाट के मरम्मत का कार्य, स्टापडेम, बैराज, वियर में गेट लगाना, मेनवाल, साईडवाल, की-वाल, एप्रॉन में मरम्मत, अतिरिक्त निर्माण कार्य, जल संरचनाओं के किनारों पर यथासंभव बफर जोन तैयार कर किनारों पर अतिक्रमण को रोकने के लिए फेंसिंग के रूप में पौधारोपण का कार्य, फ्लशबार की मरम्मत कार्य, स्लूस वेल की सफाई कार्य का कार्य सौंपा गया था।

## धीमी परिवहन व्यवस्था से खरीदी केन्द्र में खुले में रखे गेहूं के खराब होने की आशंका

**नवभारत उमरियापान।** जिले के उमरियापान के खरीदी केंद्रों पर किसानों से खरीदा गया गेहूं खुले में पड़ा हुआ है। धूप और बारिश के कारण अनाज के खराब होने का खतरा बढ़ रहा है। अधिकारी परिवहन में तेजी लाने की बजाय उदासीनता दिखा रहे हैं। इस स्थिति से सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान होने की आशंका है। समिति प्रबंधक इस बात से चिंतित हैं कि अनाज खराब होने पर उन पर कार्रवाई हो सकती है। साथ ही किसानों के भुगतान में भी रुकावट आ सकती है।


**कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी (म.प्र.)**

क्र./03/मुख्य स्टोर/2025-26 — कटनी, दिनांक 16/04/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | सामग्री का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_420194_1 | अग्निशामक आपदा प्रबंधन कार्य हेतु निम्नलिखित सामग्री क्रय। | 2000.00<br>8100.00 | 15/05/2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in/की बेवसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्राधिकृत अधिकारी
नगर पालिक निगम कटनी